हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 27 जुलाई 2026, समय 13:05 (5 मिनट)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने परीक्षा सुधारों के लिए उच्चाधिकार प्राप्त कार्यबल के गठन की घोषणा की है। प्रधानमंत्री ने वीडियो संदेश में कहा कि यह कार्यबल परीक्षा सुधारों पर ध्यान केंद्रित करेगा।

*लेकिन हमें भविष्य के लिए सोचना है। हमारी परीक्षा पद्धति ट्रांसपेरंट हो। हमारी परीक्षा पद्धति में सबसे ज्यादा टेक्नालोजी का उपयोग हो। इन सारी बातों को ध्यान में रखते हुए विश्व प्रसद्धि टेक्नोलोजी एक्सपर्ट श्रीमान नंदन नीलेकेनी जी के नेतृत्व में एक हाई पॉवर टास्कफोर्स बनाने का निर्णय किया है जो एक्जामेनेशन रिफार्म की तरफ फोकस करेगा और जल्द से जल्द आने वाली परीक्षाओं की विश्वसनीयता को सुनिश्चित करने का काम इसकी रिपोर्ट के आधार पर कर दिया जाएगा।*

इस कार्यबल में गुप्तचर ब्यूरो के पूर्व निदेशक तपन डेका, इसरो के पूर्व अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ, आईआईटी मद्रास के निदेशक वी. कामकोटि, पूर्व शिक्षा सचिव अनीता करवाल और प्रबंधन विशेषज्ञ अमृत लाल मीणा भी शामिल हैं।

---------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री  नायब सिंह सैनी ने कहा कि केंद्र सरकार सार्वजनिक परीक्षाओं में पेपर लीक और नकल जैसे अपराधों पर लगाम कसने के लिए और अधिक कठोर कानूनी व्यवस्था लाने जा रही है। उन्होंने कहा कि यह करोड़ों युवाओं की मेहनत, उनके सपनों और उनके भविष्य की रक्षा की दिशा में एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम होगा।मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री  नरेंद्र मोदी भविष्य की आवश्यकताओं और देश के युवाओं के हितों को ध्यान में रखकर निर्णय लेते हैं। युवाओं के हितों की रक्षा करना केंद्र सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसी सोच के साथ सार्वजनिक परीक्षाओं की पवित्रता बनाए रखने के लिए कानून को और अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है।उन्होंने कहा कि पेपर लीक माफिया, नकल गिरोह तथा युवाओं का भविष्य लूटने वाले किसी भी व्यक्ति को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

ऐसे तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी ताकि ईमानदार और मेहनती युवाओं का विश्वास व्यवस्था में बना रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार ने पहले ही बिना पर्ची, बिना खर्ची के संकल्प को धरातल पर उतारते हुए प्रदेश में पारदर्शी, निष्पक्ष और मेरिट आधारित भर्ती व्यवस्था स्थापित की है। आज प्रदेश में योग्य एवं प्रतिभाशाली युवाओं को बिना किसी सिफारिश और बिना किसी भ्रष्टाचार के सरकारी नौकरियां मिल रही हैं, जो सुशासन और पारदर्शिता के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

----------------------------------------------------------------------------------------------------

कॉन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की दो दिवसीय राष्ट्रीय व्यापारी सम्मेलन कल संपन्न हो गया। जिसमें संघ के चंडीगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष हरीश गर्ग एवं महासचिव भीम सेन सहित देश के विभिन्न राज्यों से आए 200 से अधिक वरिष्ठ व्यापारी नेताओं ने भाग लिया। सम्मेलन में व्यापार एवं उद्योग से जुड़े अनेक समसामयिक विषयों, व्यापारियों के हितों, देश के आर्थिक विकास में व्यापार जगत की भूमिका आदि विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

बैठक का सबसे महत्वपूर्ण निर्णय हर घर तिरंगा, हर दुकान तिरंगा अभियान को देशभर के व्यापारियों के माध्यम से व्यापक जनभागीदारी के साथ सफल बनाने का रहा। सम्मेलन से देश के समस्त व्यापारियों से आह्वान किया गया कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रत्येक घर, प्रत्येक दुकान और प्रत्येक बाजार तिरंगे की शान से सजे तथा राष्ट्रभक्ति का संदेश जन-जन तक पहुंचे।

बैठक में निर्णय लिया गया कि देशभर के बाजारों में बड़े स्तर पर तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जाएगा। इन यात्राओं में विभिन्न सांस्कृतिक एवं देशभक्ति पर आधारित आकर्षक झांकियां भी निकाली जाएंगी। प्रमुख व्यापारिक बाजारों, व्यावसायिक परिसरों और व्यापारिक संगठनों द्वारा राष्ट्रध्वज से संपूर्ण बाजारों को सजाया जाएगा तथा प्रत्येक व्यापारी अपने प्रतिष्ठान पर गर्व के साथ तिरंगा फहराएगा।

----------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा मे सभी जगह प्रधानमंत्री का मन की बात कार्यक्रम सुन गया।हरियाणा के खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने आज गांव किठवाड़ी में पार्टी कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का प्रसारण देखा।

कार्यक्रम पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा प्रधानमंत्री कार्यक्रम में अनेक मुद्दों पर बात करते हैं।

---------------------------------------------------------------------------------------------------------

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने पानीपत जिले के गाँव बडौली में और पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने भालसी में "मन की बात" कार्यक्रम सुना। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के विचार सकारात्मक सोच, सेवा भाव और देशहित में निरंतर कार्य करने की प्रेरणा देते हैं।

कैथल में कल मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान मेले का आयोजन किया गया। भारतीय जनता पार्टी की जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी ने कहा कि गुहला क्षेत्र के पात्र लाभार्थियों को 19 विभागों द्वारा योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।